# आईटी नियम, 2021 में संशोधन

## प्रलिम्सि के लयि:

सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 मे संशोधन, अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 21।

## मेन्स के लयि:

सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 में संशोधन, सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटिल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 **में संशोधनों को अधिसूचित किया।**

- इनका उद्देश्य देश के नागरिकों के लयि **इंटरनेट को सुलभ, सुरक्षित, भरोसेमंद और जवाबदेह** बनाना है।

## आईटी नियम, 2021 में प्रमुख संशोधन:

- **सोशल मीडिया मध्यस्थों के लयि नए दशि-निर्देश:**
  - वर्तमान में मध्यस्थों को केवल उपयोगकर्त्ताओं के लयि हानकिारक/गैरकानूनी सामग्री की कुछ श्रेणियों को अपलोड नहीं करने के बारे में सूचति करने की आवश्यकता है। ये **संशोधन उपयोगकर्त्ताओं को ऐसी सामग्री अपलोड करने से रोकने के लयि उचति प्रयास करने हेतु मध्यस्थों पर एक कानूनी दायत्वि आरोपति करते हैं।** नया प्रावधान यह सुनश्चिति करेगा कि **मध्यस्थ का दायत्वि केवल एक औपचारकिता नहीं है।**
    - इस संशोधन में मध्यस्थों को **भारतीय संवधान** के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत **उपयोगकर्त्ताओं को मलि अधकिारों** का सम्मान करने की आवश्यकता है, इसलयि इसमें उचति तत्परता, गोपनीयता और पारदर्शति की अपेक्षा की गई है।
  - मध्यस्थ के नियमों और वनियिमों के प्रभावी संचार हेतु यह महत्त्वपूर्ण है कि संचार क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में भी कयि जाए।
- **नियम 3 में संशोधन:**
  - नियम 3 (नियम 3(1)(बी)(ii)) के उपखंड 1 के आधारों को 'मानहानकिारक' और 'अपमानजनक' शब्दों को हटाकर युक्तसिंगत बनाया गया है।
    - क्या कोई सामग्री मानहानकिारक या अपमानजनक है, यह न्यायकि समीक्षा के माध्यम से नर्धारति कयि जाएगा।
  - नियम 3 (नियम 3(1)(बी)) के उपखंड 1 में कुछ सामग्री श्रेणियों को, वशिष रूप से गलत सूचना और ऐसी अन्य सामग्री से नपिटने के लयि फरि से तैयार कयि गया है जो वभिन्नि धार्मकि/जातसिमूहों के बीच हसि को उकसा सकती है।
- **शकियत अपील समतिका गठन:**
  - उपयोगकर्त्ता शकियतों पर मध्यस्थों द्वारा लयि गए नर्णयों या नष्क्रयिता के खलिफ उपयोगकर्त्ताओं को अपील करने की अनुमतदिने हेतु 'शकियत अपील समतियिों' का गठन कयि जाएगा।
    - हालाँकि उपयोगकर्त्ताओं को हमेशा कसिी भी समाधान के लयि न्यायालयों का दरवाज़ा खटखटाने का अधकिार होगा।

## प्रमुख आईटी नियम, 2021:

- **यह सोशल मीडिया का सक्रयि होना अनवािर्य करता है:**
  - प्रमुख तौर पर **IT नियम (2021) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने प्लेटफॉर्म पर सामग्री के संबंध में अधकि सक्रयि** रहने के लयि बाध्य करता है।
- **शकियत अधकिारी की व्यवस्था:**
  - उन्हें एक **शकियत नवािरण तंत्र स्थापति करने और नर्धारति समय-सीमा के भीतर गैर-कानूनी एवं अनुपयुक्त सामग्री को** हटाने की आवश्यकता होती है।

- प्लेटफॉर्म के निवारण तंत्र का शिकायत अधिकारी उपयोगकर्त्ताओं की शिकायतों को प्राप्त करने और हल करने के लिये ज़िम्मेदार है।

- **उपयोगकर्त्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना:**
  - बिचौलिये **ऐसी सामग्री की शिकायतों की प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर इसे हटाएंगे या अक्षम करेंगे** जो व्यक्तियों की निजता को उजागर करती हैं, ऐसे व्यक्तियों को पूर्ण या आंशिक नग्नता या यौन क्रिया में दिखाती हैं या प्रतिरूपण की प्रकृति में हैं, जिसमें मॉर्फ्ड इमेज़ आदि शामिल हैं।
- गोपनीयता नीतियों के बारे में उपयोगकर्त्ताओं को शिक्षित करना:
  - **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की गोपनीयता नीतियों को यह सुनिश्चित करना चाहिये** कि उपयोगकर्त्ताओं को कॉपीराइट की गई सामग्री और ऐसी किसी भी चीज़ को प्रसारित न करने के बारे में शिक्षित किया जाए, जिसे मानहानिकारक, नस्लीय या जातीय रूप से आपत्तिजनक, पीडोफिलिक, भारत की एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा, या संप्रभुता को खतरे में डालने वाला या किसी भी चीज़ का उल्लंघन माना जा सकता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

**प्रश्न. भारत में निम्नलिखित में से किसके लिये साइबर सुरक्षा घटनाओं पर रिपोर्ट करना कानूनी रूप से अनिवार्य है? (2017)**

1. सेवा प्रदाताओं
2. डेटा केंद्र
3. कॉर्पोरेट निकाय

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT Act) की धारा 70 B के अनुसार, केंद्र सरकार ने अधिसूचना द्वारा घटना प्रतिक्रिया के लिये राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करने हेतु भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम **(CERT-In)** नामक एक एजेंसी का गठन किया गया है।
- केंद्र सरकार ने आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 70 B के तहत वर्ष 2014 में CERT-In के लिये नियम स्थापित और अधिसूचित किये। नियम 12 (1) (A) के अनुसार, घटना होने के उचित समय के भीतर **CERT-In** को साइबर सुरक्षा की घटनाओं के लिये सेवा प्रदाताओं, मध्यस्थों, डेटा केंद्रों तथा कॉर्पोरेट निकायों हेतु रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

**अत: विकल्प (d) सही है।**

**स्रोत: पी.आई.बी.**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/amendments-to-the-it-rules,-2021